राउंड अप 2025



# इस साल हुए चुनाव में भाजपा का दबदबा

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. वर्ष 2025 में हुए चुनाव में देश की राजनीतिक तस्वीर बदलती दिखी. दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद विधानसभा में वापसी की, 70 में से 48 सीटें जीतकर रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाया.**

वहीं, बिहार में भी एनडीए ने विधानसभा चुनाव में 189 सीटों पर जीत दर्ज कर जातिगत बंधनों को तोड़ा और विकास-सुशासन की राजनीति को सफल बनाया. इस वर्ष महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव में भी महायुति गठबंधन ने 288 नगर परिषद अध्यक्ष पदों में 207 पर जीत हासिल की. पंजाब में आम आदमी पार्टी ने जिला परिषद और पंचायत समितियों में 70 फीसदी से अधिक सीटें जीतकर अपनी मजबूत पकड़ कायम की. दिल्ली एमसीडी उपचुनाव में भी भाजपा ने 7 सीटें जीतें.

**दिल्ली विस चुनाव भाजपा की 27 साल बाद सत्ता में वापसी:** 5 फरवरी को हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार वापसी की. आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सीमित रही. वोट प्रतिशत में भाजपा ने 47.15 प्रतिशत व आप ने 43.57 प्रतिशत प्राप्त किया.

महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव में महायुति गठबंधन ने जोरदार जीत दर्ज की. बीजेपी 117 नगर पालिका अध्यक्ष और 3,300 से अधिक पार्षद सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी.

### बिहार एनडीए की जीत

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने यादव बाहुल्य जिलों में इतिहास रच दिया. मधुबनी, दरभंगा और सीवान जैसे रुझानधारी आरजेडी गढ़ों में मोदी फैक्टर और मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'साइलेंट स्ट्राइक' ने अप्रत्याशित परिणाम दिए. ने189 से अधिक सीटें जीतकर जातिगत बंधनों को तोड़ा. विशेषज्ञों के अनुसार, नीतीश कुमार की सादगी और मोदी की राष्ट्रीय छवि ने यादव वोटरों को प्रभावित किया. यह जीत विकास और सुशासन की राजनीति का स्पष्ट संदेश है, जो अब जातिगत गढ़ों को भी पार कर रही है.

### पंजाब चुनाव : आप ने जीतीं 70 प्रतिशत सीटें

पंजाब में ग्रामीण निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) ने जोरदार जीत दर्ज की है. जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में 'आप' ने कुल 70प्रतिशत से अधिक सीटें जीतीं, जिससे भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल का दबदबा कायम रहा. जिला परिषद चुनावों में आप ने 218 सीटें, कांग्रेस ने 62, शिरोमणि अकाली दल ने 46 और बीजेपी ने 7 सीटें जीतीं. पंचायत समितियों में आप ने 1,529 सीटें जीतीं, कांग्रेस 611, अकाली दल 449 और बीजेपी 73 सीटों पर सफल रही. केजरीवाल ने कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी सरकार के कामकाज पर लोगों की स्वीकृति का संकेत है.

### दिल्ली उपचुनाव : भाजपा 7, आप 3 सीट जीती

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के 12 वार्डों में हुए उपचुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हो गए. भाजपा ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की, आम आदमी पार्टी (आप) 3 सीटें जीती और कांग्रेस तथा ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक ने 1-1 सीट हासिल की. इस जीत के साथ भाजपा के पार्षदों की संख्या 122 हो गई, जबकि आप के पार्षद बढ़कर 102 और कांग्रेस के पार्षद 9 हो गए.

# पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू बने अटल स्मृति न्यास अध्यक्ष

- विशेष बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया फैसला



**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को अटल बिहारी वाजपेयी की विचारधारा और स्मृतियों को संरक्षित करने वाली अटल स्मृति न्यास सोसायटी की कमान सौंपी गई है.**

नई दिल्ली में आयोजित विशेष बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से न्यास का अध्यक्ष चुना गया. यह जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है, जब न्यास अटल जी के विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के अपने मिशन को और विस्तार देने की तैयारी में है. वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में लिया गया यह फैसला संगठन के लिए नई दिशा तय करने वाला माना जा रहा है. भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू को अटल स्मृति न्यास सोसायटी का नया अध्यक्ष चुना गया है. यह निर्णय बुधवार को नई दिल्ली में उनके आवास पर आयोजित न्यास की विशेष बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया.

## इमरान खान और उनकी पत्नी की गिरफ्तारी पर 27 जनवरी लगी रोक

**इस्लामाबाद, 24 दिसंबर.** इस्लामाबाद की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की पांच आपराधिक मामलों में गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है, इनमें नौ मई की हिंसा से जुड़े मामले भी शामिल हैं. इस्लामाबाद जिला एवं सत्र न्यायालय ने आदेश दिया कि अगली सुनवाई तक इन पांच संबंधित मामलों में कोई गिरफ्तारी न की जाए. अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पूर्व जमानत की अवधि भी बढ़ा दी है, जिससे उनकी जमानत याचिकाओं के लंबित रहने तक उन्हें अस्थायी कानूनी सुरक्षा मिल गई है.

# अमरगढ़-सगतसर नामकरण पर रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार की अधिसूचना की रद्द

**नई दिल्ली, 23 दिसंबर. उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान सरकार के राजस्व गांवों का नाम निजी लोगों के नाम पर रखने वाली अधिसूचना रद्द कर दी है.**



न्यायालय ने कहा कि राजस्थान सरकार ने नए बनाए गए राजस्व गांवों का नाम निजी लोगों के नाम पर रखकर अपनी ही नीति का उल्लंघन किया है और राजस्थान उच्च न्यायालय के एकलपीठ के न्यायमूर्ति के अधिसूचना रद्द करने के आदेश को बहाल कर दिया है. न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने बाड़मेर जिले के सोहदा गांव के निवासियों की याचिका को स्वीकार कर राजस्थान उच्च न्यायालय के खंडपीठ के फैसले को खारिज कर दिया. खंडपीठ ने राजस्व गांव अमरगढ़ और सगतसर बनाने को सही ठहराया था. यह विवाद 31 दिसंबर, 2020 को राज्य सरकार द्वारा राजस्थान भूमि राजस्व अधिनियम 1956 के सेक्शन 16 के तहत जारी किए गए एक अधिसूचना से उत्पन्न हुआ.

अधिसूचना जारी होने से पहले, तहसीलदार ने सत्यापित किया था कि नए राजस्व गांव बनाने के लिए सभी कानूनी ज़रूरतें पूरी हो गई हैं और उनके बनने को लेकर कोई विवाद नहीं है. प्रस्तावित गांवों के लिए ज़मीन दान करने की मंजूरी देने वाले लोगों ने शपथपत्र दिए थे. ग्राम पंचायतों के पुर्नगठन के लिए बाद गांववालों ने आपत्ति जताई कि अमरगढ़-सगतसर नाम निजी लोगों, यानी अमरराम और सगत सिंह के नामों से लिए हैं. गांववालों ने राजस्थान उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाया और 2020 की अधिसूचना को चुनौती दी.

# डिजिटल अरेस्ट, महिला से सवा करोड़ रुपए की धोखाधड़ी

**अलवर, 24 दिसम्बर.** राजस्थान में अलवर शहर में एक महिला को डिजिटल अरेस्ट करके करीब सवा करोड़ रुपए ठगने का मामला सामने आया है. साइबर थाना प्रभारी राजकुमार मीणा ने बुधवार को बताया कि यहां की निवासी रीटा ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई कि 15 दिसम्बर को दोपहर करीब तीन बजे मोबाइल पर एक कॉल आया. कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस का जन सम्पर्क अधिकारी बताते हुए अपना नाम संदीप बताया. ठग ने कहा कि महिला के नाम से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से अन्य लोगों को धमकी भरे कॉल किए जा रहे हैं. ठग ने उसे कहीं नहीं निकलने की चेतावनी दी. उसने वाट्स एप पर गिरफ्तारी का वारंट भी भेजा. इससे महिला बुरी तरह डर गयी. उन्होंने बताया कि इसके बाद महिला को अलग तरह से डरा धमकाकर ठग ने 16 से 21 दिसम्बर तक करीब सवा करोड़ रुपये ठग लिये. श्री मीणा ने बताया कि इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गयी और तुरंत ही विभिन्न खातों में ट्रांस्फर की गयी राशि में से 55 लाख रुपए रुकवा दिये. पुलिस ने जांच में पाया की ठगी की रकम ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कई कंपनियों के एक्सिस बैंक के खाते में ट्रांसफर कराई गई है. उन्होंने बताया कि अपराधियों के ऑनलाइन ठिकाने की जानकारी मिल गयी है. उन्हें शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जायेगा.

## उपमुख्यमंत्री पद से हूं संतुष्ट : शिवकुमार

**नई दिल्ली .** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई विवाद नहीं है और वह उपमुख्यमंत्री बने रहने में संतुष्ट हैं. डीके शिवकुमार ने यहां कर्नाटक भवन में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस में आंतरिक मतभेदों या कांग्रेस नेतृत्व के साथ बैठकों की बातें केवल अफवाहें हैं जो मीडिया में फैली हुई हैं. उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस आलाकमान में किसी से मिलने नहीं आया हूं। मैं उपमुख्यमंत्री बने रहकर खुश हूं. मुझे पार्टी कार्यकर्ता बनना पसंद है. डीके शिवकुमार ने कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद पर संभावित बदलाव के बारे में पूछे गये सवालों को खारिज कर दिया.

# ताइवान में 6 .1 तीव्रता का भूकंप, गगनचुंबी इमारतें हिलीं

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. ताइवान एक बार फिर तेज भूकंप के झटकों से दहल उठा. बुधवार को दक्षिणपूर्वी तटीय शहर ताइतुंग में आए 6.1 तीव्रता के भूकंप ने राजधानी ताइपे तक को हिला दिया.**

ऊंची इमारतें लंबे समय तक झूलती रहीं, जिससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई और वे घरों व दफ्तरों से बाहर निकल आए. हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है. प्रशासन ने कई इलाकों में अलर्ट जारी कर स्थिति पर नजर बनाए रखी है. ताइवान के दक्षिणपूर्वी तटीय शहर ताइतुंग में बुधवार को आए भूकंप के तेज झटकों से पूरे द्वीप में दहशत फैल गई. सेंट्रल वेदर एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई. भूकंप का केंद्र ताइतुंग काउंटी हॉल से करीब 10.1 किलोमीटर उत्तर में था, जबकि इसकी गहराई 11.9 किलोमीटर दर्ज की गई. भूकंप के असर से राजधानी ताइपे की गगनचुंबी इमारतें हिलती रहीं. ताइपे, काओशुंग, ताइचुंग और ताइनान समेत कई शहरों में अलर्ट जारी किया गया. हुलिएन और पिंगतुंग काउंटी में सात-स्तरीय पैमाने पर तीव्रता चार दर्ज की गई, जबकि कई अन्य जिलों में स्तर तीन और दो के झटके महसूस किए गए. झटकों के दौरान लोग सड़कों पर आ गए.

## एक नजर में



### मॉस्को में बम धमाके में तीन की मौत

**मॉस्को, 24 दिसंबर।** रूस की राजधानी मॉस्को में विस्फोटक से दो यातायात पुलिस अधिकारियों और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गयी है। घटनास्थल उस जगह से समीप ही है , जहां इसी हफ्ते लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवारोव की हत्या की गयी थी। जांच समिति के अनुसार दो अधिकारियों ने मॉस्को के दक्षिणी इलाके में पुलिस कार के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा और जांच करने के लिये उसके पास गये। तभी वहां धमाका हुआ, जिसमें तीनों की मौत हो गयी। जांच समिति ने संदेह जताया है कि यह एक और अधिकारी की हत्या की कोशिश थी। इसकी जांच भी उसी पहलू से की जा रही है।

### कनाडा में भारतीय मूल की महिला की हत्या

**टोरंटो, 24 दिसंबर .** कनाडा के टोरंटो में पुलिस ने शनिवार को मिले एक महिला के शव की पहचान भारतीय मूल की 30 वर्षीय हिमांशी खुराना के रूप में की है। सीबीसी की ओर से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार पुलिस को संदेह है कि यह पति/पुरुष मित्र द्वारा हिंसा का मामला है। रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि शुक्रवार रात को उन्हें स्ट्रैचन एवेन्यू और वेलिंगटन स्ट्रीट डब्ल्यू इलाके में एक लापता व्यक्ति की रिपोर्ट मिली थी। पुलिस को शनिवार सुबह करीब 06-30 बजे एक लापता महिला का शव घर में मिला। इस बीच टोरंटो में भारतीय दूतावास ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि वह स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार की हर संभव मदद कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टोरंटो में एक युवा भारतीय नागरिक, सुश्री हिमांशी खुराना की हत्या से बहुत दुखी और हैरान हैं। दुख की इस घड़ी में हम उनके शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों से दूतावास इस मामले पर लगातार नज़र रखे हुए है, और स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर परिवार को हरसंभव मदद दी जा रही है।

### अर्थव्यवस्था पर आयात शुल्क का प्रभाव नहीं : लूला

**रियो द जेनरो, 24 दिसंबर .** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने मंगलवार को कहा कि ब्राजील के लिये अच्छा साबित हो रहा है क्योंकि ब्राजीलियाई वस्तुओं पर अमेरिकी आयात शुल्क में बढ़ोतरी अप्रासंगिक साबित हुई है. उन्होंने मंगलवार को कहा कि इस साल का अंत अच्छा हो रहा है. खाद्य पदार्थों की कीमतें गिर रही हैं और लोग एक बार फिर उन चीजों को खरीदने में सक्षम हो रहे हैं जो पहले महंगी हो गयी थीं. श्री लूला ने घरेलू स्थिति और अमरिका के साथ ब्राजील के संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, ब्राजील पर लगाये गये अमेरिकी आयात शुल्क भी अंतत: बेअसर साबित हुए.

## पुलिस ने 53 लाख से अधिक मूल्य की नशीली दवाईयां जब्त की

**नागपुर, 24 दिसंबर.** महाराष्ट्र में नागपुर पुलिस ने 53 लाख रुपये से अधिक मूल्य की एमडी (एक्स्टसी) ड्रग्स जब्त करते हुए इस संबंध में राजस्थान के दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है. एमआईडीसी पुलिस ने मंगलवार को यह कार्रवाई उस समय की जब उन्हें सूचना मिली कि शहर के वानाडोंगरी इलाके में संगम रोड के पास दो व्यक्ति एमडी बेचने की कोशिश कर रहे हैं. पुलिस ने बताया कि संदिग्धों को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उनकी पहचान रामस्वरूप भैराराम बिश्नोई (24) और हरिराम जगदीश पालीवाल (31) के रूप में हुई.

# ग्रुप कैप्टन शुक्ला की वायु सेना के विमान की कॉकपिट में वापसी

**नई दिल्ली, 24 दिसंबर. भारत की अंतरिक्ष यात्रा में अमिट छाप छोड़ने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने एक बार फिर वायु सेना के विमान में उडान भरते हुए आसमान में दमदार वापसी की है.**

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन पूरा करने के कुछ महीने बाद ही उन्होंने वायु सेना में अपनी जिम्मेदारी फिर से संभाल ली है. ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने अंतरिक्ष की ऐतिहासिक उडान के बाद एक बार फिर मंगलवार को बीदर में अभ्यास मिशन के दौरान वायुसेना की सूर्य किरण एरोबैटिक टीम के साथ उड़ान भरी. इसे अंतरिक्ष से सीधे उच्च प्रदर्शन वाली सैन्य विमानन गतिविधियों में दुर्लभ और सहज वापसी की तरह देखा जा रहा है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, कॉकपिट में वापस आकर सचमुच अच्छा लग रहा है. उड़ान प्रशिक्षण अंतरिक्ष यात्री तैयारी का एक मूल स्तंभ बना रहता है. बहुत कम वातावरण ऐसे होते हैं जहां इंद्रिय अनुभवों का इतना सटीक समन्वय, वास्तविक समय में तेज़ निर्णय क्षमता और अत्यंत तीक्ष्ण परिस्थितिजन्य जागरूकता की आवश्यकता होती है. ये केवल उड़ान कौशल नहीं हैं ये अंतरिक्ष में जीवित रहने के कौशल हैं.

# छात्रों को मिलेगी विश्वस्तरीय शिक्षा : नीतीश

### सीएम ने दिए दो बड़े विश्वविद्यालयों के भवन निर्माण में तेजी के निर्देश

उन्होंने कहा कि मीठापुर के इस क्षेत्र में चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, निफ्ट, चाणक्या लॉ यूनिवर्सिटी एवं मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय जैसे प्रमुख शैक्षणिक संस्थान बनाये गए हैं. यह पूरा क्षेत्र काफी अच्छा हो गया है. इन दोनों विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यह क्षेत्र और भी अच्छा दिखेगा. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 27 जुलाई 2022 को बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गई थी तथा इसके भवन के निर्माण के लिये मीठापुर, पटना में 5 एकड़ भूमि आवंटित की गई. मुख्य भवन 4 मंजिल का होगा. भूतल पर डीन कार्यालय, रजिस्ट्रार का कार्यालय, कैफेटेरिया एवं अन्य कार्यालय, कुलपति कार्यालय, मीटिंग हॉल तथा मूल्यांकन केन्द्र बनाया जा रहा है.



**पटना, 24 दिसम्बर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्र एवं छात्राओं को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिये बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है.**

मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज मीठापुर में बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विवि एवं बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की सचिव डॉ. प्रतिमा एस. वर्मा ने बिहार अभियंत्रण विवि ने बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विवि के भवन के निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के छात्र एवं छात्राओं को उच्च स्तर की तकनीकी शिक्षा प्रदान करने के लिये बिहार स्वास्थ्य विज्ञान एवं बिहार अभियंत्रण विवि की स्थापना की. उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विवि एवं अभियंत्रण विवि के निर्माणाधीन सभी संरचनाओं का निर्माण कार्य बेहतर ढंग से और तेजी से पूर्ण करें.

# जापान ने क्योटो में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि की हुई

**टोक्यो, 24 दिसंबर. जापान के कृषि मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि आनुवंशिक परीक्षण से क्योटो प्रांत के एक फार्म में अत्यधिक संक्रामक बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है. यह इस मौसम में देश में बर्ड फ्लू का नौंवा संक्रमण है.**

कृषि, वानिकी और मत्स्य मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार यह संक्रमण क्योटो प्रांत के कामेओका शहर में स्थित एक मुर्गी फार्म में हुआ, जहां लगभग 280,000 मुर्गियां हैं. स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को किये गये आनुवंशिक परीक्षण से अत्यधिक संक्रामक एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है. संबंधित दिशानिर्देशों के अनुसार, फार्म की सभी मुर्गियों को मारकर जला दिया जाएगा और दफना दिया जाएगा. इसके अतिरिक्त तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित फार्मों को मुर्गियों और अंडों को स्थानांतरित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जबकि 3 से 10 किलोमीटर के दायरे में स्थित अन्य फार्मों को पोल्ट्री उत्पादों को क्षेत्र से बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है. एक बयान में कहा गया है कि संक्रमण को रोकने के लिए फार्म के आसपास कीटाणुशोधन प्रयासों को तेज कर दिया गया है और एक महामारी विज्ञान जांच दल को भेजा गया है.

# नकल माफिया की भी टूटेगी कमर : योगी

### विधानसभा में मुख्यमंत्री योगी का विपक्ष पर तंज



**लखनऊ, 24 दिसंबर. उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन विधानसभा का माहौल पूरी तरह गर्म रहा. पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली.**

नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति पर सवाल उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश की. जवाब में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न सिर्फ विपक्ष के आरोपों का खंडन किया, बल्कि 2017 से पहले की भर्तियों, नकल माफिया, कानून-व्यवस्था और बुलडोजर कार्रवाई को लेकर सरकार की नीति भी खुलकर सामने रखी. विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सवाल उठाया कि शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष एक पूर्व आईपीएस और पूर्व डीजीपी को क्यों बनाया गया. इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक जवाब देते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए यह व्यवस्था की गई है.

उन्होंने कहा कि जैसे माफिया की कमर तोड़ी गई है, वैसे ही नकल माफिया की भी कमर तोड़ी जाएगी. सीएम योगी ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि 2017 से पहले भर्तियों को प्राथमिकता नहीं दी जाती थी और कुछ लोग इसमें पीएचडी कर चुके थे. उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का मूल मंत्र है– सज्जन को सुरक्षा और दुर्जन को ठिकाना. अवैध कब्जों, सरकारी जमीन पर मॉल या वसूली के अड्डे बनाने वालों पर बुलडोजर कार्रवाई जारी रहेगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राशन, आवास और अन्य योजनाओं में कभी भेदभाव नहीं किया. यूपी का हर नागरिक इसका गवाह है.

### आज का इतिहास

1763 भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या.

1771 मुगल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे.

1892 स्वामी विवेकानंद ने कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की.

1924 पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कांफ्रेंस कानपुर में संपन्न.

1946 ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया.

1962 सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया.

1977 हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन.

**सहभोज का आयोजन** | 52 विधायकों ने लखनऊ में बैठक कर रणनीति तय की

# ब्राह्मण विधायक बोले- अब सुनवाई जरूरी

**लखनऊ, 24 दिसंबर. उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान लखनऊ में कुशीनगर के भाजपा विधायक पंचानंद पाठक के आवास पर ब्राह्मण विधायकों का विशेष जमावड़ा हुआ. इसमें कुल 52 विधायक और विधान परिषद सदस्य शामिल हुए.**



इस बैठक को सहभोज के रूप में आयोजित किया गया, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे ब्राह्मणों की सशक्त एकजुटता के रूप में देखा गया. बैठक में ब्राह्मण समाज के राजनीतिक और सामाजिक हितों, संगठन और सरकार में सुनवाई की कमी, डिप्टी सीएम को मिलने वाली ताकत, और भाजपा में समाज के प्रतिनिधित्व पर गहन चर्चा हुई. विधायकों ने माना कि ब्राह्मण समाज भाजपा का परंपरागत वोट बैंक रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में उपेक्षा और असंतोष बढ़ा है. पूर्वांचल और बुंदेलखंड के विधायक इस बैठक में शामिल होकर अपने क्षेत्रीय मुद्दों और समाज के व्यापक हित के लिए विचार-विमर्श किया. सहभोज में लिट्टी-चोखा और मंगलवार व्रत का फलाहार परोसा गया.

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन कुशीनगर के भाजपा विधायक पंचानंद पाठक के आवास पर ब्राह्मण विधायकों की विशेष बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में कुल 52 विधायक और विधान परिषद सदस्य शामिल हुए. यूपी में ब्राह्मण नेताओं की का प्रभाव करीब 115 सीटों पर पड़ता है वंही, सबसे अधिक ब्राह्मण पूर्वांचल में पाए जाते हैं. वाराणसी, गोरखपुर और देवरिया समेत कई इलाकों में ब्राह्मण का दब -दबा माना जाता है.

## हिमाचल हाईकोर्ट ने आईएएस हरिकेश मीणा को दी जमानत

**शिमला, 24 दिसंबर.** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य अभियंता विमल नेगी को कथित तौर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में आरोपी और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हरिकेश मीणा को बुधवार को जमानत दे दी. न्यायमूर्ति वीरेंद्र सिंह की एकल पीठ ने श्री मीणा की जमानत याचिका पर पहले अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. अदालत ने श्री मीणा को जारी जांच में सहयोग देने का निर्देश देते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने की अनुमति दी. उनकी रिहाई संबंधित सक्षम न्यायालय की लगाई शर्तों के अधीन होगी.

# केजरीवाल बोले भाजपा राज में न्याय बेबस

- उन्नाव रेप मामले के आरोपी को मिली जमानत पर की टिप्पणी



**नईदिल्ली, 24 दिसंबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उन्नाव रेप मामले के आरोपी कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी पर सीधा हमला बोला है.**

केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि यह अब कड़वी सच्चाई बन चुकी है कि भाजपा के शासन में इंसाफ उल्टी दिशा में चलता है. उन्होंने आरोप लगाया कि जहां रेप पीड़ितों और उनके परिवारों को लाठियां, डर और प्रताड़ना झेलनी पड़ती है, वहीं रेप के आरोपियों को संरक्षण और सम्मान मिलता है. केजरीवाल ने इसे सिर्फ व्यवस्था की नाकामी नहीं, बल्कि सत्ता मानसिकता का आईना बताया. उनका बयान न्याय व्यवस्था, महिला सुरक्षा और राजनीतिक संरक्षण के मुद्दे पर नई बहस को हवा देता नजर आ रहा है.

### पीड़िता के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार दुखद : राहुल



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उन्नाव सामूहिक दुष्कर्म मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सेंगर को जमानत मिलने और पीड़िता का विरोध करने पर उसके साथ हुए व्यवहार पर हैरानी जताई और कहा कि न्याय देने की बजाय उसके साथ अन्याय किया जा रहा है। राहुल गांधी ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में सवाल किया कि आखिर न्याय के लिए आवाज उठा रही दुष्कर्म पीड़िता के साथ अन्याय क्यों हो रहा है.